पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने राजपाल कश्यप सहित तीन नामों पर अपनी सहमति जतायी

लखनऊः 27 मई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 3 रिक्त स्थानों पर नये सदस्यों के नाम निर्देशन हेतु मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव द्वारा अग्रसारित (1) डाॅ0 राजपाल कश्यप (समाज सेवा), (2) श्री अरविंद सिंह (समाज सेवा), (3) डाॅ0 संजय लाठर (समाज सेवा एवं साहित्य) के नाम पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है। राज्यपाल के अनुमोदन हेतु पत्रावली 25 मई, 2016 देर शाम को राजभवन प्रेषित की गयी थी।

ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व राज्यपाल ने 29 अप्रैल, 2016 को राज्य सरकार द्वारा विधान परिषद में नाम निर्देशन हेतु अग्रसारित की गयी सूची में से (1) श्री बलवंत सिंह रामूवालिया (समाज सेवा), (2) श्री जहीर हसन 'वसीम बरेलवी' (साहित्य) तथा (3) श्री मधुकर जेटली (समाज सेवा) के नाम पर अपनी सहमति प्रदान कर दी थी तथा डाॅ0 राजपाल कश्यप के संबंध में कुछ बिन्दुओं पर जानकारी मांगते हुए मुख्यमंत्री को एक पत्र भी भेजा था, जिसके निमित्त जानकारी मुख्यमंत्री ने उपलब्ध करा दी है। राज्यपाल ने गत वर्ष 2 जुलाई, 2015 को नाम निर्देशन हेतु भेजे गये 9 नाम क्रमशः डाॅ0 कमलेश पाठक, श्री राम सिंह यादव, श्री संजय सेठ, श्री रणविजय सिंह, श्री अब्दुल सरफराज खां, श्रीमती लीला कुशवाहा, श्री जितेन्द्र यादव, डाॅ0 राजपाल कश्यप तथा श्री रामवृक्ष सिंह यादव के नाम की सूची में से चार नाम (1) श्री श्रीराम सिंह यादव (सहकारिता), (2) श्रीमती लीलावती कुशवाहा (समाज सेवा), (3) श्री रामवृक्ष सिंह यादव (समाज सेवा), तथा (4) श्री जितेन्द्र यादव (सहकारिता) के नाम पर अपनी सहमति प्रदान की थी।

विधान परिषद में नाम निर्देशन कोटे की 10 रिक्तियों के सापेक्ष राज्यपाल श्री राम नाईक अब सभी 10 नामों पर अपनी सहमति प्रदान कर चुके है। वर्तमान में विधान परिषद में नाम निर्देशन हेतु कोई स्थान रिक्त नहीं हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (188/23)